भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1880
दिनांक 03.03.2020/13 फाल्गुन, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्मार्ट बाड़

†1880. श्री सौमित्र खानः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बांग्लादेश सीमा पर भारत की सीमा जलस्थ और भूमिगत सोनर सेंसर से सुसज्जित है;

(ख) क्या पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश सीमा पर स्मार्ट बाड़ परियोजना शुरू कर दी गई है;

(ग) भारत-बांग्लादेश सीमा पर पश्चिम बंगाल में कितने किलोमीटर की सीमा बाड़ रहित सीमा है तथा कितने किलोमीटर सीमा पर बाड़ निर्माणाधीन है;

(घ) क्या सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ के कार्य पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धरित की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (सीआईबीएमएस) के भाग के रूप में, भारत-बांग्लादेश सीमा पर अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकीय समाधानों का उपयोग किया जा रहा है। इसमें विभिन्न सेंसरों और निगरानी उपकरणों का कमांड और नियंत्रण प्रणाली के साथ एकीकरण शामिल है।

(ग) से (ङ.): बांग्लादेश के साथ पश्चिम बंगाल में 2216.7 किमी. अंतर्राष्ट्रीय सीमा में से, 1637 किमी. सीमा को भौतिक बाड़ से कवर किया गया है। शेष 579.7 किमी. सीमा में बाड़ का कार्य विभिन्न कारणों से पूरा नहीं किया जा सका, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कठिन भू-भाग, नदी तट और दलदली भूमि, कम कामकाजी मौसम, भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याएं, जनता द्वारा विरोध और सीमा रक्षक बांग्लादेश द्वारा आपत्ति शामिल हैं। सरकार कार्य की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी कर रही है।

*****